पंजाब केसरी 12/09/2025

# वास्तविक विजय सहभागिता और सीखने में निहित : डा. रोहित दत्त

## ■ जी.एम.एन. कॉलेज में 2 दिवसीय प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता का आगाज




*जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 11 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वीरवार को प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डा. सी.पी. पुनिया के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान तथा कौशल का परिचय देते हुए क्विज, वाद-विवाद, भाषण एवं मोनो एक्ट प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को सामने लाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास, टीम भावना और बौद्धिक जिज्ञासा को भी प्रोत्साहित करती हैं। वास्तविक विजय सहभागिता और सीखने में निहित है।

पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन डा. मीनू राठी, डा. कुलदीप यादव और डा. शिखा जग्गी के निर्देशन में हुआ। इस प्रतियोगिता में रितु ने प्रथम पुरस्कार, कनिका ने द्वितीय पुरस्कार और प्रियंका ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। गणित विभाग की डा. पिंकी के संयोजन में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में साक्षी, मंजोत कौर, तृप्ति की टीम ने प्रथम पुरस्कार, कुलजोत सिंह, जपमन कौर, सिमरनजीत कौर की टीम ने द्वितीय पुरस्कार, पलक, मनीष, साहिल की टीम ने तृतीय पुरस्कार और सैफी सहारण, खुशी, दक्ष वैश की टीम ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। इस दौरान प्रो. मेहक एवं प्रो. महिमा ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई।

हिन्दी विभाग के डा. अनीश के संयोजन में आयोजित वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में करण ने प्रथम पुरस्कार, श्रेया ने द्वितीय, अदिति एवं गौरव ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। आयोजन समिति में डा. भारती सुजान, प्रो. मेहक तलवार और प्रो. यश्वी शर्मा सम्मिलित रहीं।

मोनो एक्ट प्रतियोगिता का संयोजन डा. अमित, प्रो. राजिंदर मीर्वल एवं डा. दिशा ने किया। प्रतिभागियों ने अपने अभिनय कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में ऋतिका ने प्रथम पुरस्कार, अदिति ने द्वितीय और उपासना ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। डा. सी.पी. पुनिया ने प्रतियोगिता के सफल संचालन पर सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं उत्साहपूर्ण तालियों के बीच हुआ।